# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव

कलेक्टोरेट परिसर, राजनांदगांव email-mdmdeorjn@gmail.com

क्रमांक / सेजेस / राजनांदगांव / 1384 दिनांक ~~12/04~~ 05.05 / 2026

**।। संविदा भर्ती विज्ञापन ।।**

छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का आदेश क्रमांक / एफ 23–06 / 2020 / 20–3 रायपुर दिनांक 20.05.2020 तथा स्कूल शिक्षा विभाग का आदेश / एफ 23–08 / 2020 / 20–3 / 28 नवा रायपुर दिनांक 03.07.2020 एवं अपर सचिव छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक / एफ 23–08 / 2020 / 20–तीन नवा रायपुर अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 23–08 / 2020 / 20–दो / 1558 नवा रायपुर दिनांक 02.05.2023 एवं छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के आदेशानुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय जिला राजनांदगांव, संचालन प्रबंधन समिति जिला–राजनांदगांव को सौंपकर संविदा भर्ती हेतु शिक्षकीय / गैर शिक्षकीय संवर्ग के पद स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप फर्म एवं सोसायटी की पंजीयन नियमावली–11 के कंडिका–7 के अनुसार उक्त पदों पर विद्यालय संचालन समिति द्वारा चयन हेतु निर्धारित प्रकिया अनुसार शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय संवर्ग के पद हेतु संविदा भर्ती विज्ञापन जारी किया जाना है।

संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक 3752 / स्वा.आ.अ.मा.वि. / संविदा भर्ती विज्ञापन / दिनांक 16.06.2025 द्वारा कुल 41 पद हेतु जारी किया गया था। जिसमें पात्र अभ्यार्थी न मिल पाने एवं कुछ अभ्यार्थियों द्वारा त्यागपत्र देने के कारण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रिक्त पदों की पूर्ति हेतु निम्नानुसार विज्ञापन जारी किया जाता है:–

**1. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, (सर्वेश्वर दास न.पा.नि.) राजनांदगांव – 01 पद**

| क्र. | पद का नाम | विषय | माध्यम | रिक्त पद की संख्या | संवर्ग | | | | संविदा हेतु एकमुश्त मासिक मनदेय राशि | न्युनतम शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अना. | अनु. ज. जाति | अनु. जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | व्याख्याता | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | 1 | – | – | – | 38100 /– | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नात्कोत्तर उपाधि उत्तीर्ण एवं बी.एड़ अनिवार्य। 2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

**2. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, ड़ोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव – 01 पद**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 1 | 25300 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड,डी.एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>3. T.E.T. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| **3.स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, छुरिया, जिला—राजनांदगांव — 01 पद** | | | | | | | | | | |
| 1 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | — | 1 | — | — | 35400 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं डी.एड/बी.एड़/डी.एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो)<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 2 | शिक्षक | सा.विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | — | — | 1 | — | 35400 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं डी.एड/बी.एड़/डी.एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. शिक्षक विज्ञान (रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू—गर्भ विज्ञान में से |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | कोई दो विषय स्नातक स्तर हो)<br><br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br><br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 3 | शिक्षक | संस्कृत | अंग्रेजी | 1 | — | — | 1 | — | 35400 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय (हिन्दी/संस्कृत) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातक उपाधि उत्तीर्ण एवं डी.एड/बी.एड़/डी.एल. एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br><br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 4 | शिक्षक | व्यायाम शिक्षक | — | 1 | 1 | — | — | — | 35400 /— | 1. मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.पी.एड़ अथवा बी.पी.एड़ सहित स्नातक।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | 2 | 1 | 1 | — | — | 25300 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड,डी.एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य। 2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। 3. T.E.T. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| **4. स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्या.,लाल बहादुर नगर,जिला–राजनांदगांव – 01 पद** | | | | | | | | | | |
| 1 | शिक्षक | गणित | अंग्रेजी | 1 | — | 1 | — | — | 35400 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं डी.एड / बी.एड़ / डी.एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य। 2. शिक्षक गणित हेतु (गणित के साथ निम्नलिखित में से कोई दो विषय भौतिक / रसायन / इलेक्ट्रॉनिक्स / कम्प्युटर साईंस / सांख्यिकी / सैन्य विज्ञान / भू–गर्भ विज्ञान स्नातक स्तर पर हो) 3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। 4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | 1 | — | 1 | — | — | 25300 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड,डी.एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य। 2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। 3. T.E.T. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| **5. स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, भरेगांव, जिला—राजनांदगांव — 01 पद** | | | | | | | | | | |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | अंग्रेजी | 1 | — | 1 | — | — | 38100 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (एकाउन्टेंसी सहित वाणिज्य / कास्ट एकाउंटिंग / फाईनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय रहा हो) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण एवं बी.एड़ अनिवार्य। 2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | शिक्षक | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | 1 | — | — | — | 35400 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं डी.एड / बी.एड़ / डी. एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. शिक्षक सामाजिक विज्ञान (इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, अथवा राजनीति विज्ञान स्नातक स्तर कम से कम एक विषय रहा हो)। उक्त विषय के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र के अभ्यर्थी पर विचार किया जावेगा।<br>3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 3 | शिक्षक | गणित | अंग्रेजी | 1 | — | 1 | — | — | 35400 /— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं डी.एड / बी.एड़ / डी. एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।2. शिक्षक गणित हेतु (गणित के साथ निम्नलिखित में से कोई दो विषय भौतिक / रसायन / इलेक्ट्रॉनिक्स / कम्प्युटर साईंस / सांख्यिकी / सैन्य विज्ञान / भू—गर्भ विज्ञान स्नातक स्तर पर हो)3. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | 4. T.E.T. पूर्व माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 4 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 1 | 25300/— | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से न्यूनतम 45 प्रतिशत् अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड,डी.एल.एड़ परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य।<br>2. संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>3. T.E.T. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 5 | ग्रंथपाल | — | अंग्रेजी | 1 | 1 | — | — | 1 | 22400/— | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी के साथ स्नातक एवं बी.लिब. की उपाधि अनिवार्य।<br>2. अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| **कुल रिक्त पद** | | | | **14** | **5** | **5** | **1** | **3** | | |

उपरोक्त विज्ञापित नवीन सेजेस विद्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, (सर्वेश्वर दास न.पा.नि.) राजनांदगांव/डोंगरगांव/छुरिया/लाल बहादूर नगर एवं भरेगांव जिला राजनांदगांव के संविदा पद पर नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) कमांक/19668/2022 के अंतिम आदेश के अधिन होगी। राजनांदगांव जिले के सेट अप अनुसार 100 बिन्दू आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, (सर्वेश्वर दास न.पा.नि.) राजनांदगांव/डोंगरगांव/छुरिया/लाल

बहादूर नगर एवं भर्रेगांव जिला राजनांदगांव के लिये शिक्षकीय स्टाफ के कुल 14 रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति किये जाने हेतु योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन दिनांक 05.05.2026 से दिनांक 21.05.2026 को अपरान्ह 05:30 बजे तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव में आवेदन पंजीकृत डाक से आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

विज्ञापन का अवलोकन एवं आवेदन हेतु प्रारूप (जिला कार्यालय की वेबसाईट) https://rajnandgaon.nic.in पर उपलब्ध है।

**चयन प्रकिया के संबंध में दिशा–निर्देश एवं शर्तेः–**

1. अभ्यर्थी का आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से जिला शिक्षा कार्यालय में दिनांक 05.05.2026 से दिनांक 21.05.2026 तक अपरान्ह 05:30 बजे तक प्राप्त होने पर ही मान्य होगा।
2. स्वयं के हस्ते या ऑनलाईन आवेदन अमान्य है।
3. दस्तावेजी सत्यापन हेतु आवेदकों को अर्हतादायी परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर बुलाया जावेगा। आमंत्रित आवेदक को अपने अपने आवेदन एवं प्रमाण सहित उपस्थित होना होगा। आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया जावेगा। शैक्षणिक योग्यता के कुल प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर चयन किया जावेगा।
4. **विज्ञापित पदों पर चयन हेतु विभिन्न कक्षाओं के प्राप्तांकों के लिये निम्नानुसार अधिभार की गणना की जावेगीः–**

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक अर्हता में प्राप्तांक का प्रतिशत् | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 10वीं | 12वीं | स्नातक | स्नातकोत्तर | कुल |
| 1 | व्याख्याता | – | 20 | 30 | 50 | 100 |
| 2 | शिक्षक | 20 | 30 | 50 | – | 100 |
| 3 | व्यायाम शिक्षक | 20 | 30 | 50 | – | 100 |
| 4 | कम्प्युटर शिक्षक | 20 | 30 | 50 | – | 100 |
| 5 | सहायक शिक्षक | 40 | 60 | – | – | 100 |
| 6 | सहा.शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला | 40 | 60 | – | – | 100 |
| 7 | ग्रंथपाल | 20 | 30 | 50 | – | 100 |

5. चयन प्रक्रिया का आधार प्रावीण्य सूची होगी। लिखित परीक्षा एवं मौखित परीक्षा का प्रावधान नहीं है। अभ्यर्थीयों के पात्र पाए जाने पर मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।
6. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छ.ग.सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति नियम) 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी।
7. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। शासकीय सेवा में समान पदों पर दावा की पात्रता नहीं होगी।शासन समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पदच्युत किया जा सकता है।
8. अभ्यर्थी को छ.ग. राज्य के मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
9. **आवेदक को अर्हताधारी शैक्षणिक योग्यता (कक्षा 6वीं से स्नातकोत्तर उपाधि) अंग्रेजी माध्यम में उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। केवल हिन्दी व संस्कृत के व्याख्याता के लिये कक्षा 10वीं एवं समस्त उच्चतर कक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम बाध्यकारी नहीं होगा।**
10. **आयु सीमाः–**

(i) 01 जनवरी 2026 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष की आयु पुरी न की हो।

(ii) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर कीमीलेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 05 वर्ष शिथिलनीय होगी।

(iii) छ.ग. सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध)नियम 1997 के उपबंधो के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी। निःशक्त व्यक्तियों को सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जावेगी।

(v) छ.ग. राज्य में निवास करने वाले समस्त निवासियों को 05 वर्ष की अतिरिक्त छूट देते हुए अधिकतम आयु 40 वर्ष हो।

11. सेजेस में कार्यरत् संविदा शिक्षकीय कर्मचारी समान पद हेतु आवेदन नही कर सकेंगे। केवल उच्च पद हेतु आवेदन कर पाएंगे, इस हेतु शपथ–पत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत करेंगे कि, समान पद पर आवेदन नहीं किये हैं।

12. छ.ग.शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम 2024 के तहत् अधिसूचित अवकाश नियम नियुक्त संविदा कर्मचारी के लिये लागू होगा।

13. संविदा भर्ती कर्मचारी छ.ग.शासन सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अधीन होंगे।

14. संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन, मृत्युलाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग.शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त हैं, की पात्रता नहीं होगी।

15. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

16. नियुक्ति हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

17. अपूर्ण एवं त्रूटीपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

18. एक से अधिक आवेदन भरे जाने पर प्रथम आवेदन को ही मान्य किया जाएगा। शेष आवेदन स्वमेव निरस्त माना जाएगा।

19. शासन के द्वारा उक्त पदों पर नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

20. राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तों से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी, जो सर्वमान्य व सभी के लिये बाध्यकारी होगा।

21. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के समय संलग्न करना आवश्यक है प्रमाण पत्र के आभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नहीं होगा।

22. किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितीकरण के लिये किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा।

23. उक्त विज्ञापित शैक्षणिक पदों में दर्शित न्युनतम योग्यता आवेदन दिनांक तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा और शिक्षके लिये सी.जी./सी.टीईटी (पूर्व माध्यमिक स्तर) एवं सहा. शिक्षक के पद हेतु सी.जी. /सी.टीईटी (प्राथमिक स्तर) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**नियुक्ति अवधि :–**

1. छ.ग.सिविल सेवा(संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4 के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति और स्वामी आत्मानंद शिक्षण समिति के निर्णय अनुसार **सभी पदों पर संविदा नियुक्ति एक वर्ष की** अवधि के लिये की जावेगी। तथापि प्राचार्य एवं समिति की अनुशंसा के आधार पर कर्मचारी की कार्यक्षमता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की कालावधि **(गोपनीय प्रतिवेदन के आधार पर) नवीनीकरण/बढ़ाई** जा सकेगी।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा **01 माह के पूर्व सूचना या इसके एवज में 01 माह का वेतन** दे कर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। संविदा अवधि पूर्ण होने पर समिति द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।
3. अंतिम चयन सूची जारी होने के उपरांत बनाई गयी प्रतिक्षा सूची 01 साल के लिये वैध होगी।

**निरर्हताएँ :–**

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किन्ही भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के लिये निरर्हित माना जा सकेगा।

2. कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में जो कि विहीत की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप में स्वास्थ्य तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो, से मुक्त, घोषित न कर दिया जाए। परंतु अपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी, कि यदि वह चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

3. कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा परंतु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंमित विनिश्चय न कर दिया जाए।

**अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का निर्णय संबंधी :–**

1. चयन के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा। चयन प्रकिया के किसी भी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि, अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है, अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज में कोई विसंगति पाई गयी है तो वह निरर्हित हो जाएगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जाएगी।
2. सत्यापन में अभ्यर्थी के अनुपस्थित रहने पर अयोग्य माना जाएगा।
3. राजनांदगांव जिले में संचालित सेजेस में रिक्त पदों पर अभ्यर्थी योग्य नहीं पाए जाने की स्थिति में प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थी की सहमति लेकर अन्य सेजेस स्कूलों में नियुक्ति की जा सकेगी।

**अन्य निर्देश :–**

1. नियुक्त उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार वेतन देय होगा।
2. संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा ईत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्त के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगा।3.नियुक्ति पश्चात् अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत 07 दिवस के भीतर शासकीय मेडिकल बोर्ड फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

, विज्ञापन एवं अद्यतन जानकारी राजनांदगांव जिले के वेबसाईट **https://rajnandgaon.nic.in** पर अवलोकन करते रहें।

जिला शिक्षा अधिकारी
राजनांदगांव